लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

"अपने समावेशी और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ लोकतंत्र मालदीव में स्वयं को मजबूत कर रहा है": लोक सभा अध्यक्ष

कैम्प कार्यालय, माले (मालदीव): लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने आज माले में मालदीव की संसद (पीपुल्स मजलिस) के अध्यक्ष मोहम्मद नशीद से मुलाकात की। श्री बिरला ने भारत और मालदीव के साझा ऐतिहासिक जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, धार्मिक और कारोबारी रिश्तों तथा दोनो देशों के बीच चले आ रहे सौहार्दपूर्ण और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों का स्मरण करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी दोनों देश आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

हाल ही में जून में प्रधानमंत्री मोदी के माले दौरे का हवाला देते हुए श्री बिरला ने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले कुछ महीनों में, समावेशी विकासोन्मुख और पारदर्शी दृष्टिकोण के कारण मालदीव में लोकतंत्र ने स्वयं को और मजबूत किया है।

श्री बिरला ने दक्षिण एशियाई देशों की संसदों के अध्यक्षों के चौथे शिखर सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए श्री नशीद को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि उनके कुशल नेतृत्व में मालदीव में लोकतंत्र की जड़ें और संसदीय परंपराएं और मजबूत होंगी। श्री बिरला ने यह भी कहा कि सतत विकास लक्ष्य और जलवायु परिवर्तन जैसे खास वैश्विक मुद्दों पर मालदीव के साथ मिलकर कार्य करने का अनुभव काफी सुखद रहा है।

श्री बिरला ने कहा कि वह मालदीव के युवा और उत्साही संसद सदस्यों से मिलकर काफी प्रभावित हुए हैं और उन्होंने श्री नशीद को भारत के सक्रिय लोकतंत्र के कार्यकरण को देखने के लिए एक बहुदलीय शिष्टमंडल के साथ संसद के अगले शीतकालीन सत्र के दौरान भारत का दौरा करने का निमंत्रण भी दिया।

श्री बिरला ने अपने देश के संपूर्ण विकास में योगदान को बढ़ाने के लिए पीपुल्स मजलिस के सदस्यों और अधिकारियों हेतु विधायी प्रस्ताव तैयार करने तथा क्षमता निर्माण पाठ्यक्रमों का भी आयोजन करने में मालदीव की सहायता करने की पेशकश की।

“DEMOCRACY HAS ENTRENCHED ITSELF IN MALDIVES WITH ITS INCLUSIVE AND TRANSPARENT APPROACH”: LOK SABHA SPEAKER

Camp Office, Male (Maldives): An Indian Parliamentary Delegation led by Lok Sabha Speaker Shri Om Birla called on the Speaker of Maldives Parliament (People’s Majlis) Mohamed Nasheed in Male today. Recalling that both India and Maldives have shared historic ethnic, linguistic, cultural, religious and commercial links and enjoyed, cordial

and multi-dimensional bilateral relations, Shri Birla hoped that the two countries would continue to work together to foster even closer engagements in future.

Referring to the recent visit of Prime Minister Shri Narendra Modi to Maldives in June earlier this year, Shri Birla expressed happiness that in the past few months, democracy has entrenched itself in Maldives due to inclusive development-oriented and transparent approach.

Shri Birla congratulated Mr. Nasheed for successfully organizing the Fourth South Asian Speakers' Summit and hoped that democratic roots and parliamentary practices in Maldives would be further strengthened under his able leadership. Shri Birla observed that it has been an enriching experience to work together with Maldives on important global issues such as SDGs and climate change.

Shri Birla said that the young and enthusiastic Parliamentarians of Maldives impressed him with their skills. He invited Mr. Nasheed to visit India during the next Winter Session of Lok Sabha along with a multi-party delegation to see the functioning of India's vibrant democracy. Mr. Nasheed accepted the invitation.

Shri Birla also offered to help Maldives Parliament in drafting its legislative proposals and also in organising capacity building courses for Parliamentarians and Officials of the People's Majlis, in New Delhi and Male, to further enhance their contributions in their country's holistic development.